## हर घर में खांसी सर्दी जुकाम के बढ़ रहे मरीज, दवाई खाने के बाद नहीं हो रहा सुधार

# मौसम में हो रहे बार बार बदलाव,अस्पताल में लग रहा मरीजों का तांता

### >>> जिला अस्पताल में बार बार खत्म हो रही दवाईयां, 600 के पार जा रही ओपीडी



फाईल फोटो

नर्मदापुरम(निप्र)। मौसम के बार बार करवट बदलने का असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। कभी ठंड कभी गर्मी की शुरूआत होने से हर घर में सर्दी खांसी,जुकाम, हल्के बुखार के साथ बदन दर्द की शिकायतें ज्यादा आ रही हैं। जिला अस्पताल सहित निजी अस्पतालों में मरीजों का तांता लगा हुआ है। इतने मरीज तो गर्मी के दिनों में भी नहीं आते थे। जिला अस्पताल की ओपीडी 600 के करीब प्रतिदिन पहुंच रही है। डाक्टरों से पर्चा में दवाई लिखवाने के बाद जब मरीज दवाई वितरण केंद्र पर पहुंचते हैं। तो वहां पर दवाई खत्म होने की जानकारी दी जाती है। जिससे मरीजों को रूकने के लिए कहा जाता है। हालाकि कुछ देर बाद दवाई आ भी जाती है। लेकिन मरीजों और उनके परिजनों को बार बार परेशान हो रहे हैं।

**बार बार लगना पड़ रहा लाइन में**

मरीजों के साथ परेशानी है कि एक तो तबियत खराब उसके बाद बार बार लाइन में लगने से भी उनकी हालत खराब हो रही है। पर्चा बनवाने के लिए लाइन में लगना पड़ता है। उसके बाद डाक्टर से मिलने के लिए लाइन में लगते हैं। फिर दवाई लेने के लिए लाइन में लगते हैं। इतने में ही मरीजों को करीब दो से तीन घंटे का समय लग जाता है।

**दबाई का नहीं हो रहा असर**

मरीजों में कुछ मरीज तो यह बात भी कह रहे हैं। कि बीते सप्ताह से उनकी तबियत खराब है। अभी जो दवाई लिखी वह पहले भी लिखी थी पूरी दवाई खा ली लेकिन जुकाम तक अच्छा नहीं हो रहा है। एक मरीज चंद्र मोहन तिवारी ने कहा कि उनके द्वारा बीते सप्ताह में भी दवाई ली थी। फिर भी वैसी ही तबियत है।

**कभी धूप कभी शर्दी**

कुछ दिनों से सुबह के समय तेज ठंड का असर हो जाता है। उसके कुछ देर बाद धूप निकलने लगती है। जिससे गर्मी का मौसम होने लगता है। फिर शाम के समय ठंड अपना असर दिखाती है। इस प्रकार के मौसम को कमजोर प्रकृति के लोग सहन नहीं कर पा रहे हैं। इस कारण बार बार बीमार हो रहे हैं।

# आरडीसी से सबसे अच्छे बच्चे का पुरस्कार लेकर आए सार्जेंट आदर्श तिवारी




### स्प्रिंगडेल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में भव्य स्वागत व सम्मान कार्यक्रम हुआ

नर्मदापुरम(निप्र)। शुक्रवार को स्प्रिंगडेल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आरडीसी परेड दिल्ली में शामिल होकर लौटे स्कूल के छात्र सार्जेंट आदर्श तिवारी के सम्मान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आदर्श तिवारी ने न सिर्फ आरडीसी परेड में हिस्सा लिया साथी ही प्रतिष्ठित डीजी मेडिलियन भी प्राप्त किया। यह पुरस्कार मात्र चार कैडेट्स को दिया गया है जिसमें से एक मेडिलियन आदर्श ने जीता है।

सार्जेंट आदर्श तिवारी ने आरडीसी परेड में प्रतिभागिता कर दिल्ली में नर्मदापुरम का परचम लहराया। सम्मान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संयुक्त संचालक शिक्षा श्रीमती भावना दुबे, रक्षित निरीक्षक श्रीमती स्नेहा चंदेल, सूबेदार मेजर जीबी सिंह, डायरेक्टर प्रिंसिपल डॉ आशीष चटर्जी, आईटी अधिकारी डी एन व्यास, डायरेक्टर श्रीमती जूही चटर्जी, प्राचार्य श्रीमती मोना चटर्जी ने विद्यार्थी की विराट उपलब्धि पर उसका सम्मान किया।

प्राचार्य श्रीमती मोना चटर्जी के स्वागत भाषण के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। श्रीमती दुबे ने उनके माता.पिता को बधाई देते हुए सार्जेंट आदर्श तिवारी को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि यह न सिर्फ विद्यालय की उपलब्धि है बल्कि पूरे शिक्षा परिवार की उपलब्धि है। उन्होंने विद्यार्थियों को कहा कि सफलता का रूप अलग-अलग होता है। सभी विद्यार्थी अपने अंदर की प्रतिभा को जगाएं और लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ें। रक्षित निरीक्षक श्रीमति स्नेहा चंदेल ने विद्यार्थी की उपलब्धि पर उसे शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पुलिस परिवार के बच्चों के लिए प्रेरणा है। स्कूल डायरेक्टर प्रिंसिपल डॉ आशीष चटर्जी ने सार्जेंट आदर्श तिवारी को कहा कि यह न केवल तुम्हारी मेहनत का सम्मान है बल्कि सभी की सम्मिलित मेहनत का परिणाम है जिसके फलस्वरूप अब तुम दूसरों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत भी बन गए हो। साथ ही उन्होंने बताया कि प्रतिभाओं को सम्मानित करने से उनमें एक नयी ऊर्जा का संचार होता है तथा आनेवाली पीढ़ी को प्रेरणा मिलती है। सार्जेंट आदर्श तिवारी ने शिविर के दौरान प्राप्त मेडल, अपने अनुभव तथा प्रधानमंत्री, रक्षामंत्री सहित विभिन्न क्षेत्रों की कई प्रतिष्ठित हस्तियों के साथ मुलाकात और बहुमूल्य मार्गदर्शन के बारे में अपने अनुभव बच्चों से साझा किए।

## 08 फरवरी को विभिन्न क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति रहेगी बंद

### बी.टी.आई. उपकेंद्र का किया जाएगा मेंटेनेंस

नर्मदापुरम (निप्र)। प्रबंधक (शहर) जोन-1, म.प्र.म.क्षे.वि.वि.कं.लि. नर्मदापुरम ने जानकारी देते हुए बताया कि 08 फरवरी को प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक बी.टी.आई. स्थित उपकेन्द्र का मेंटेनेंस कार्य किया जाएगा, जिसके चलते विभिन्न क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। बताया गया कि 08 फरवरी को बी.टी.आई. सब स्टेशन के मेंटेनेंस के चलते प्रभावित क्षेत्र ईदगाह, खोजनपुर गांव, कब्रस्तिान, श्रीगुंज गार्डन के पीछे, जुमेराती, काली मंदिर, राजा मोहल्ला, बी.टी.आई., भीलपुरा, बसंत टाकीज, कोरी मोहल्ला, गुरुकुल, फूटा कुआ, राठौर मार्ग, बालागंज, रविशंकर मार्केट, लेंडिया मैदान एवं अन्य संबंधित क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी।


## डिप्टी कमिश्नर श्री गणेश जायसवाल की उपस्थिती में सम्पन्न हुआ

### "गर्भावस्थाजन्य डायबिटीज" पर कार्यशाला व डायबिटीज रिवर्सल कैम्प

नर्मदापुरम (निप्र)। शुगर की बढ़ती समस्या को ध्यान में रखकर नर्मदा परिवार द्वारा आशा कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण हेतु एक कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें गर्भावस्था में होने वाली डायबिटीज के कारण व निवारण के बारे विस्तार से बताया गया। इस कार्यशाला के मुख्य अतिथि नर्मदापुरम संभाग के डिप्टी कमिश्नर गणेश जैसवाल, नर्मदा ट्रॉमा सेंटर भोपाल के मेडिसिन विभाग के प्रमुख एवं डायबिटीज विशेषज्ञ डॉ अनुव्रत भटनागर, नर्मदा इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग साइंसेज़ कॉलेज की प्रिंसिपल सुश्री स्नेहा गावंडे ने कार्यक्रम को संबोधित किया। डिप्टी कमिश्नर श्री जायसवाल ने इस प्रयास की तारीफ करते हुए कहा कि गर्भवती माताओं को अगर शुगर की बीमारी हो जाये तो यह जच्चा-बच्चा दोनो के लिए खतरनाक हो सकता है। नर्मदा परिवार का यह प्रयास सराहनीय है जिसमे आशा कार्यकर्ताओं को गेसचेशनल डायबिटीज (गर्भावस्थाजन्य मधुमेह) के बारे में प्रशिक्षित किया गया। डॉ अनुव्रत भटनागर ने रिवर्सल ऑफ डायबिटीज के बारे में बताते हुए कहा कि यदि सही दिनचर्या और उचित आहार विहार का पालन किया जाए तो इस बीमारी को रिवर्स किया जा सकता है।

# समेरिटंस विद्यालय सोहागपुर में सांस्कृतिक आयोजन

### बच्चों की प्रस्तुति ने मन मोहा



नर्मदापुरम (निप्र)। सोहागपुर। समेरिटन्स ग्रुप ऑफ स्कूल्स की सोहागपुर शाखा में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों की शानदार प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शनकरण वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किया गया।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साह और खेल भावना के साथ विभिन्न खेलों में भाग लिया। विशेष रूप से अभिभावकों के लिए भी खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें उन्होंने बढ़.चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समिति सदस्य राघवेंद्र रघुवंशी थे जबकि विशेष अतिथि के रूप में शैलम दीदी श्रीमती तारा जायसवाल और समेरिटन्स ग्रुप ऑफ स्कूल्स के निदेशक डॉ अशुतोष कुमार शर्मा रहे।

इस अवसर पर डा शर्मा ने कहा कि हमारा उद्देश्य बच्चों को अक्षर ज्ञान कराना मात्र नहीं है। हम बच्चों के सर्वांगीण विकास पर ध्यान देते हैं। विद्यालय की प्राचार्या डॉ पिंकी झा ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में पिपरिया प्राचार्य कल्पना शर्मा, विक्रांत खम्परिया भी उपस्थित थे।

# पूरी हो चुकी नल जल योजनाओं को जनपद पंचायत को शीघ्र हैंडोवर करें पीएचई विभाग : कलेक्टर

>>> आगामी ग्रीष्म ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए जिले में जल आपूर्ति सुचारू रखी जाए

>>> खुले हुए बोरवेल के संबंध में आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग



नर्मदापुरम (निप्र)। जल जीवन मिशन अंतर्गत नल जल योजना के अनुमानित तथा अनुबंध अनुसार सम्पन्न हो चुकी योजनाओं का हैंडोवर प्राप्त करें सभी जनपद पंचायतें। परस्पर समन्वय स्थापित कर समस्याओं का समाधान निकाले पीएचई, जनपद एवं विद्युत विभाग। सभी जनपद सीईओ, एसडीओ पीएचई साप्ताहिक आधार पर बैठको का आयोजन करें साथ ही साइड विजिट की योजना भी बनाई जाए। ट्रायल पीरियड खत्म कर चुकी योजनाओं को शीघ्र ही हैंडोवर किया जाए। उक्त निर्देश शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में आयोजित जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक के दौरान कलेक्टर सोनिया मीना ने उपस्थित अधिकारियों को दिए। बैठक के दौरान जिले के ब्लॉक नर्मदापुरम, केसला, सिवनी मालवा, सोहागपुर, माखननगर बनखेड़ी एवं पिपरिया के लोक स्वास्थ यांत्रिकी विभाग के उपयंत्रियो द्वारा कलेक्टर को जल जीवन मिशन अंतर्गत जिले में संचालित चालू हो चुकी नल जल योजनाओं के अतिरिक्त योजनाएं जो कि अभी टेस्टिंग पीरियड में है तथा एफएचटीसी एवं हैंडोवर करने योग्य योजनाओं की विस्तार पूर्वक जानकारी दी।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए कलेक्टर ने जल जीवन मिशन अंतर्गत संचालित नल जल योजना की ब्लॉकवार समीक्षा करते हुए कुल योजनाओं, एफएचटीसी योग्य स्कीम्स, हैंडोवर किए जाने वाली योजना तथा अक्रियाशील पड़ी हुई योजनाओं की विस्तारपूर्वक समीक्षा की।

कलेक्टर सुश्री मीना ने सभी जनपद पंचायत सीईओ को निर्देशित किया है कि योजना के लिए निर्धारित एस्टीमेट एवं कॉन्ट्रैक्ट अनुसार पूर्ण हो चुके कार्यों को शीघ्र ही पंचायत को हैंडोवर करवाया जाए। किसी भी प्रकार की कमी या समस्या के संबंध में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को त्वरित रूप से सूचित कर कमियों को सुधारा जाए। साथ ही इसके लिए योजनाबद्ध तरीके से समय सीमा भी निर्धारित की जाए तथा सुनिश्चित किया जाए कि समस्याओं का समाधान निर्धारित समय सीमा में हो जाऐं।

# इटारसी में थाई मांगुर मछली की अवैध बिक्री पर कार्यवाही, 10 किलो मछली की गई जब्त



नर्मदापुरम (निप्र)। मत्स्य पालन विभाग और राजस्व विभाग के संयुक्त दल द्वारा आज इटारसी स्थित मछली बाजार में थाई मांगुर मछली की अवैध बिक्री के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की गई। इस दौरान, लगभग 10 किलो प्रतिबंधित थाई मांगुर मछली जब्त कर उसे नष्ट कर दिया गया।

इस कार्रवाई के तहत समस्त मत्स्य विक्रेताओं को सूचित किया गया कि थाई मांगुर मछली का पालन और विक्रय शासन और राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण (एन.जी.टी.) द्वारा पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है। यदि भविष्य में कोई व्यक्ति इस मछली का पालन या विक्रय करता पाया गया, तो संबंधित मछली को नष्ट कर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। विभाग के अधिकारियों ने यह भी स्पष्ट किया कि यह कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी और इस तरह की अवैध गतिविधियों के खिलाफ कठोर कदम उठाए जाएंगे। मत्स्य विक्रेताओं और पालकों को चेतावनी दी गई है कि वे नियमों का पालन करें और प्रतिबंधित मछलियों की बिक्री से बचें।

## राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 अंतर्गत 05 फरवरी से 04 मार्च 2025 तक विशेष अभियान चलाकर की जाएगी

नर्मदापुरम (निप्र)। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 अंतर्गत जिले के 8,48,580 पात्र हितग्राहियों में से 5,87,044 पात्र हितग्राहियों के ईकेवाईसी किए जा चुके है एवं 2,61,536 पात्र हितग्राहियों के ईकेवाईसी किए जाना शेष है। उचित मूल्य दुकानों पर लगाई गई पीओएस पर पात्र हितग्राहियों के ईकेवाईसी कराने की सुविधा उपलब्ध है। तत्संबंध में नर्मदापुरम कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जिला नर्मदापुरम एवं समस्त सहायक/कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी जिला नर्मदापुरम को निर्देशित किया है कि शेष रहे 2,61,536 पात्र हितग्राहियों के ईकेवाईसी का कार्य 05 फरवरी से 04 मार्च 2025 तक विशेष अभियान चलाकर उचित मूल्य दुकान के विक्रेता द्वारा हितग्राही के घर जाकर किया जाए।

# गेहूं की फसल को तीसरे पानी की जरूरत

### >>> जल्द नहीं मिला पानी तो फसल की ग्रोथ पर पड़ेगा




नर्मदापुरम (निप्र)। जिले के अधिकांश किसानों ने रबी मौसम की मुख्य फसल गेहूं में दो पानी दे चुके हैं। अब इस सप्ताह गेहूं की फसल को तीसरे पानी की आवश्यकता बताई जा रही है। लेकिन नहरों से पर्याप्त पानी नहीं मिल रहा है। जिससे गेहूं की फसल कमजोर हो रही है। किसान श्याम राठौर ने बताया कि गेहूं की फसल को समय पर पानी नहीं मिलने से उसकी ग्रोथ रूक जाती है। जिससे उसके पौधे और दाने पर असर पड़ता है। दूसरी समस्या दाना पतला पड़ने की संभावना बनती है।

उन्होने बताया कि ये सभी फसल यूरिया खाद के साथ ही ग्रोथ करती है। यूरिया डाले जाने के बाद फसल में पानी की जरूरत रहती है। फसल में यूरिया डाल चुके हैं। अब तुरंत बाद पानी भी चाहिए। लेकिन टेल क्षेत्र के अलावा ऊपरी क्षेत्र के किसान भी नहर से पानी नहीं मिलने से परेशान हो रहे हैं। टेल क्षेत्र के किसानों ने बताया कि उनकी फसल में तो दो पानी ही मुश्किल से हो पाया है। अब समय पर पानी नहीं मिला तो फसल पीली पड़ जाएगी।

**किसान नेताओं ने दिए हैं ज्ञापन**

बीते दिनों बैठक के दौरान किसान नेताओं ने जिला प्रशासन से गेहूं की फसल के लिए नहर से पानी दिए जाने की मांग करते हुए नहर नहीं चलाए जाने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। लेकिन उसके बाद भी नही नहीं चल सकी हैं।

**बिजली भी कर रहे परेशान**

किसानों ने बताया कि एक तो टेल क्षेत्र में नहर का पानी नहीं मिलता है। इसी कारण किसानों ने अपने खर्च पर खेतों में ट्यूब्वेल खुदवा लिए लेकिन उसके लिए बिजली जरूरी है। कुछ दिनों से बिजली भी पर्याप्त नहीं मिल रही है जिससे गेहूं की फसल में पानी नहीं दे पा रहे हैं।

## मुख्यमंत्री डॉ यादव 10 फरवरी को किसान कल्याण योजना के तहत तीसरी किस्त करेंगे अंतरित

सीहोर, (निप्र)। मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के तहत वर्ष में कुल 06 हजार रूपये की राशि तीन समान किस्तों में हितग्राहियों को प्रदान की जाती है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव 10 फरवरी 2025 को देवास जिले के सोनकच्छ में आयोजित कार्यक्रम में हितग्राही परिवारों के खाते में इस योजना के तहत वर्ष 2024-25 की तृतीय किस्त अंतरित करेंगे। इस अवसर पर जिले में भी जिला, ब्लॉक एवं पंचायत स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों में स्थानीय जनप्रतिनिधि शामिल होंगे।

**पश्चिम मध्य रेल**

**खुली निविदा, खुली निविदा**

निम्नलिखित कार्य के ई निविदा भारत संघ के पक्ष में वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय) मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर के द्वारा आमंत्रित की जाती है। **निविदा सूचना क्रमांक–** डी.आर.एम. डब्ल्यू – जे.बी.पी.–19–2025 दिनांक 05.02.2025, **कार्य का नाम लोकेशन सहित–** रेलवे कॉलोनी में कर्मचारी सुविधाओं के रूप में पानी की आपूर्ति व्यवस्था में वृद्धि करने के लिए जबलपुर स्टेशन में (40 मीटर स्टेजिंग) 2.75 लाख लीटर क्षमता वाले आरसीसी ओवरहैड टेंक की व्यवस्था करना और पाईपलाईन बिछाना। (कार्य का हिस्सा– रेलवे कॉलोनी में कर्मचारी सुविधाओं के रूप में पानी की आपूर्ति व्यवस्था में वृद्धि करने के लिए एनयू और जबलपुर स्टेशनों पर 90,000 लीटर क्षमता वाले आरसीसी ओवर हैड टेंक और पाईपलाईन की व्यवस्था करना, गाडरवारा और जबलपुर स्टेशनों पर 2.75 लाख लीटर क्षमता वाले आरसीसी ओवरहैड टेंक और पाईपलाईन की व्यवस्था करना) **कार्य का अनुमानित मूल्य रूपये–** 1,21,89,796/–, **बयाना राशि–** 2,11,000/–, **समापन अवधि–** 12 माह, **निविदा भरने की अंतिम तिथि एवं समय 15:00 बजे–** 28.02.2025, **निविदा खुलने की तिथि एवं समय 15:15 बजे –** 28.02.2025, उपरोक्त ई निविदा संपूर्ण जानकारी वेबसाईट https://www.ireps.gov.in उपलब्ध है एवं इसकी पूरी जानकारी मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) कार्यालय पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर रखी गई है। ई–निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।

**मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) पमरे, जबलपुर**

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

**खंड-I**

## ई-निविदा आमंत्रण सूचना

**कार्यालय- सतपुड़ा टाइगर रिजर्व, नर्मदापुरम, मध्यप्रदेश**

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 1551/ई-टेंडरिंग/2024-25, दिनांक 05-02-2025**

उपसंचालक, सतपुड़ा टाइगर रिजर्व, नर्मदापुरम द्वारा म.प्र. भण्डार क्रय नियम एवं सेवा उपार्जन नियम, 2015 (यथा संशोधित-2022) के अंतर्गत निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्रमांक | सामग्री का विवरण | सत्यांकार निधि | निविदा दस्तावेजों का मूल्य |
|---|---|---|---|
| 1 | **Gaur Translocation Requirements for Short Film** | 15000.00 | 2000.00 |

| S.N. | Particulars | Specifications |
|---|---|---|
| 1 | **Filmed in** | |
| A | Format | XF-AVC/MXF or Equivalent Broadcast-standard Codec |
| B | Resolution | UHD 4K (3840x2160 pixels) or higher |
| C | Audio | 24-Bit 48KHz Linear PCM |

| S.N. | Particulars | Specifications |
|---|---|---|
| 2 | **Final Delivery** | |
| A | Length | 8-10 minutes |
| B | Format | MP4/MOV |
| C | Resolution | UHD 4K (3840x2160 pixels) |
| D | Aspect Ratio | 16:9 |
| E | Sound | 48,000 Hz, 24-Bit |
| F | Sound Mastering | Stereo/5.1 Channel Dolby |

- निविदा दस्तावेज से संबंधित सभी विवरण ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर नि:शुल्क देखे और डाउनलोड किए जा सकते है।
- इच्छुक निविदाकार क्रेडिट/डेबिट/कैश कार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से पोर्टल शुल्क ऑनलाइन भुगतान करने के बाद निविदा दस्तावेज को ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर दिनांक 07.02.2025 को प्रातः 10.00 बजे से दिनांक 13.02.2025 को शाम 05.00 बजे तक केवल ऑनलाइन खरीद सकते है।
- ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर महत्वपूर्ण तिथियों के रूप में उल्लिखित निविदा प्रक्रिया तिथियां लागू होगी।
- **ई-निविदा आमंत्रण सूचना** में शुद्धिपत्र/परिशिष्ट, यदि कोई हो केवल पोर्टल पर प्रकाशित किया जाएगा, समाचार पत्रों में नहीं।

https://www.mptenders.gov.in/

जी/22724/24

**उपसंचालक**
**सतपुडा टाइगर रिजर्व**
**नर्मदापुरम**

हेलमेट पहनकर वाहन चलायें,अपनी व दूसरों की जान बचायें

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा ''शिवरानी भवन'', क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम (होशंगाबाद) से प्रकाशित। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 (नर्मदापुरम मो. 9926434695) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com